तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 सड़क पर मवेशियों के आवारा विचरण से हो रही दुर्घटनाएं








फ्रंटलाइन वर्कर्स को मिला सम्मान व पुरस्कार

# नीति आयोग से आकांक्षी ब्लॉक बैकुंठपुर को मिला सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के बैकुंठपुर ब्लाक के लिए यह दिन गौरवपूर्ण रहा, जब उसे भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत ऑडिटोरियम में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन गुरूवार को किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले करीब 60 अधिकारियों, कर्मचारियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी काफी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि बैकुंठपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े ने इस उपलब्धि के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गांव, गरीब, किसान और आदिवासियों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। यह पुरस्कार उनकी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित व समृद्ध जिला बनाने में सभी योगदान दें। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने समारोह में कहा कि बैकुंठपुर विकासखंड को 6 में से 5 सूचकांकों में 100 प्रतिशत संतृप्ति मिली है, यह फ्रंटलाइन वर्कर्स की मेहनत, समर्पण और जनभागीदारी का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि जुलाई से सितंबर 2024 के दौरान चलाए गए संपूर्णता अभियान में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, शिक्षा व सामाजिक विकास के प्रमुख सूचकांकों पर उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन संकेतकों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल, मधुमेह व रक्तचाप की नियमित जांच, कुपोषण में कमी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, स्व-सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड, प्रमुख सम्मानित अधिकारी शामिल हैं। इस मौके पर जनपद पंचायत बैकुंठपुर के तत्कालीन सीईओ ए.पन्ना को विशेष पुरस्कार दिया गया। साथ ही विभिन्न विभागों जैसे स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, शिक्षा, योजना एवं सांख्यिकी तथा एबीपी फेलो को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंच में कई लाभार्थियों ने योजना से हुई लाभ के बारे में जानकारी साझा की। स्कूली छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर श्रोताओं से वाहवाही भी बटोरे। ⏭ शेष पेज 4 पर


विधायक के हाथों सम्मानित होते अधिकारी।


नृत्य की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।


कलेक्टर से मुलाकात करते पूर्व मेयर के. डोमरु रेड्डी।

## दस्तावेजों में पुराने जिले कोरिया का नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

■ नागरिक हो रहे परेशान, पूर्व मेयर ने कलेक्टर से की मुलाकात

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के गठन को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, बावजूद इसके अधिकांश नागरिकों के आधिकारिक दस्तावेजों में आज भी पुराना जिला कोरिया दर्ज है, जिससे उन्हें कई आवश्यक कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

यह समस्या उस समय और बढ़ गई जब नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों में वार्डों का सीमांकन हुआ और लोगों के पते में बदलाव की आवश्यकता पड़ी। पते में संशोधन के लिए आमजन को च्वाईस सेंटरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन यहां सर्वर डाउन, अत्यधिक भीड़ और संसाधनों की कमी के कारण लोग घंटों इंतजार के बाद भी काम नहीं करवा पा रहे हैं। इस जनसमस्या को लेकर पूर्व महापौर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के. डोमरु रेड्डी ने जनदर्शन में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट से मुलाकात की। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि नागरिकों के आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, पासपोर्ट जैसे जरूरी दस्तावेजों में पुराने जिले का नाम दर्ज होने से सरकारी कामों में दिक्कत आ रही है। श्री रेड्डी ने कहा कि वार्ड पुर्नगठन के बाद कई नागरिकों को पते में बदलाव की आवश्यकता है, पर च्वाईस सेंटरों में सुव्यवस्थित व्यवस्था नहीं ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए बैठक 5 को

**अनूपपुर**। अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने जानकारी दी है कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह का गत वर्षो की भांति आयोजन के लिए 5 अगस्त को शाम 5:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में सर्व संबंधित अधिकारियों को समय पर उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 5 को

**अनूपपुर**। आगामी त्यौहार 9 अगस्त को रक्षाबंधन, 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 26 अगस्त को हरितालिकातीज, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी, 5 सितंबर को मिलाद-उन-नवी एवं 6 सितंबर को गणेश विसर्जन के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में 5 अगस्त को शाम 5 बजे से आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित होने को कहा है।

### विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति का दिया संदेश

**अनूपपुर**। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जैतहरी विकासखंड के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर, नशा मुक्ति के जन जागरूकता स्लोगन का उद्घोष किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति के लिए लोगों को संदेश देने तथा जन जागरूकता की शपथ ली गई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विकासखंड समन्वयक दिनेश सिंह चंदेल के नेतृत्व में युवाओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार प्रजापति, शिक्षक सोमल सिंह श्याम, आशा राठौर, जय सूर्य गुप्ता, रजनी पटेल, कामिनी शुक्ला, सावित्री बसंत जयप्रकाश बैगा,मीराबाई राठौर आदि की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

## श्रमिकों के बच्चों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत होगा

छग सरकार द्वारा श्रमिकों के बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का शुभारंभ किया गया है। यह योजना छग भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के माध्यम से संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी।

शैक्षणिक सत्र 2025-26 से इस योजना का लाभ उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा, जो कक्षा 5 वीं में अच्छे अंक प्राप्त कर टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करेंगे और समिति द्वारा चयनित किए जाएंगे। चयनित छात्र-छात्राओं को प्रवेश शुल्क, शैक्षणिक शुल्क, गणवेश, पाठ्यपुस्तक, छात्रावास सुविधा, भोजन की व्यवस्था व सुविधाएं निःशुल्क दी जाएंगी। इन सभी व्ययों की व्यवस्था श्रमिक कल्याण मंडल द्वारा की जाएगी।

### आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त

इच्छुक पंजीकृत श्रमिक 5 अगस्त तक विभागीय वेबसाइट, मोबाइल ऐप या श्रमेव जयत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, जिला श्रम कार्यालय, श्रम संसाधन केन्द्र एवं लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से भी आवेदन जमा किया जा सकता है। श्रमिक का नाम कम से कम एक वर्ष पूर्व से कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत होना चाहिए। लाभ केवल प्रथम दो बच्चों को ही मिलेगा। बच्चा कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए पात्र होना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन करते समय जीवित श्रमिक कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की प्रति, कक्षा 5 वीं की अंकसूची, वर्तमान अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र, पिछली कक्षा की टीसी (केवल प्रवेश हेतु), जाति प्रमाण पत्र, छात्र-छात्रा का आय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक श्रमिक जिला श्रम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### भू-माफिया की कलेक्टर से शिकायत

**जनकपुर**। एमसीबी जिले के भरतपुर तहसील मुख्यालय जनकपुर सहित पूरे क्षेत्र में दूर-दूर तक एक भू-माफिया अपना जाल फैलाया हुआ है। यह भू-माफिया धोखाधड़ी करके गरीबों और अनपढ़ आदिवासियों की जमीन को हड़पने में मशगूल रहता है। तथाकथित भू-माफिया हल्का पटवारी एवं आरआई से सांठ-गांठ करके अपने कारनामों को अंजाम दे रहा है। ऐसा ही मामला भरतपुर तहसील मुख्यालय जनकपुर का सामने आया है। शिकायतकर्ता राकेश सिंह परिहार ने एमसीबी कलेक्टर को पत्र सौंपा है। राकेश सिंह ने शिकायत पत्र की कॉपी पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़ एवं थाना प्रभारी जनकपुर को भी दिए जाने की बात बताया है।

## जीएसटी-टीडीएस पर कार्यशाला

■ आहरण व संवितरण अधिकारी हुए शामिल

**बैकुण्ठपुर**। जिले में वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और शासन की प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए गुरूवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में जीएसटी, टीडीएस एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में सहायक आयुक्त जीएसटी शैलेन्द्र पटेल और राज्य कर अधिकारी पीएस मार्को द्वारा जीएसटी एवं टीडीएस की नियमानुसार कटौती, लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निपटारे, साथ ही ईडब्ल्यूआर/ईआरएम से जुड़े मामलों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट प्रशांत गुप्ता और आकाश अग्रवाल ने कहा कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी समय-समय पर वित्तीय निर्देशों और शासन के नियमों का अध्ययन करें ताकि त्रुटिहीन और उत्तरदायी वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित हो सके। जिला कोषालय अधिकारी पीएस परिहार ने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि सभी अधिकारियों को चाहिए कि वे वित्तीय नियमों के अनुरूप कार्य करें और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। ऐसी कार्यशालाएं अधिकारियों के कौशल संवर्धन में सहायक सिद्ध होती हैं। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागों से काफी संख्या में आहरण एवं संवितरण अधिकारी उपस्थित रहे।





मौके पर जांच करती पुलिस की टीम।

## घर से लापता महिला का शव सेप्टिक टैंक में मिला

**कटकोना**। जिले के पटना थाना क्षेत्र में घर से लापता महिला का शव घर के पास स्थित सेप्टिक टैंक में गुरूवार को मिला।

सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर अपनी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर मामले को विवेचना में लिया। मिली जानकारी के अनुसार महिला की पहचान बरदिया निवासी मनबसिया के रूप में हुई। बताया जाता है कि वह मंगलवार से लापता थी, जिसका शव सेप्टिक टेंक में गुरूवार को मिला।

पुलिस ने शव को बाहर निकाल पंचनामा कार्रवाई पश्चात पीएम के लिए भेज दिया।

## रामानुज महाविद्यालय में व्यास गुरु पूजन कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर**। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर के सभाकक्ष में व्यास गुरू पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्टNीय सेवा योजना एवं भारतीय शिक्षण मंडल छग प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एसएन पाण्डेय, कार्यक्रम समन्वयक, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा (अंबिकापुर) रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमआईएस प्रशासक विनय मोहन भट्ट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बैकुंठपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एवं जिला संगठनक डॉ. एमसी हिमधर ने की। कार्यक्रम की शुरूआत महर्षि वेदव्यास और मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। स्वयंसेविका पूजा पंकज ने गुरू वंदना प्रस्तुत करते हुए गुरू की महिमा का संगीतमय गुणगान किया। जिला संगठनक डॉ. हिमधर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरू का स्थान सर्वोपरि है। जीवन के विभिन्न चरणों में माता-पिता से लेकर शिक्षकों तक सभी ने हमें बौद्धिक, नैतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि चाहे कितनी भी टेक्नोलॉजी या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) आ जाए, मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं की शिक्षा केवल गुरू ही दे सकते हैं। विशिष्ट अतिथि विनय मोहन भट्ट ने गुरु-शिष्य परंपरा की गहराई पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतवर्ष में गुरू केवल ज्ञानदाता नहीं, अपितु समाज के पथप्रदर्शक रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुराने समय में ग्रामीण क्षेत्रों में गुरूजी न केवल शिक्षक, बल्कि जज और सलाहकार की भूमिका में भी रहते थे। मुख्य अतिथि डॉ. पाण्डेय ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय मूल्यों की नींव है, जो वेद, उपनिषद और धार्मिक ग्रंथों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उन्होंने श्रीराम और गुरू वशिष्ठ, कृष्ण और गुरू सांदीपनि, द्रोणाचार्य और एकलव्य के उदाहरण देते हुए बताया कि इस परंपरा का गौरवशाली इतिहास रहा है।



उन्होंने वर्तमान में बदलते सामाजिक परिप्रेक्ष्य में इस परंपरा को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अंत में मंचासीन गुरूओं का साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, जिले के विभिन्न कॉलेजों एवं विद्यालयों से पधारे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक, नोडल शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विषय के अतिथि व्याख्याता डॉ. कुलदीप ओझा ने किया तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक प्रो. अनुरंजन कुजूर द्वारा किया गया।

### जिले में अब तक 654.8 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़**। जिले की भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी ऑकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 4.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि कोटाडोल तहसील में अब तक की सर्वाधिक 831.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

1 जून से 30 जुलाई तक जिले में कुल औसत 654.8 मिली मीटर वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 695.2 मिली मीटर, खड़गवां में 551.4 मिली मीटर, चिरमिरी में 621.7 मिली मीटर, केल्हारी में 531.9 मिली मीटर, भरतपुर में 697.2 ममिली मीटर और कोटाडोल में 831.6 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है।

कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने दिखाई हरीझंडी

## रामलला दर्शन योजना : 105 श्रद्धालु करेंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए छग से अयोध्या तक आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

30 जुलाई को जिले के 105 श्रद्धालुओं को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी,नगर पालिक परिषद शिवपुर-चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल व अन्य प्रतिनिधियों, अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों को पुष्प भेंट कर मंगलमय यात्रा की शुभकानाएं दी एवं हरीझंडी दिखाकर अंबिकापुर के लिए रवाना किया गया। श्रीरामलला दर्शन के लिए विकासखंड बैकुंठपुर से 50 एवं सोनहत विकासखंड़ से 28, नगर पालिका बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा तथा नगर पंचायत पटना से 27 श्रद्धालु तथा तीन अनुरक्षक अधिकारी यात्रा में शामिल हैं। विदित हो कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा, इसमें अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेंगे।


रवाना होते तीर्थयात्री।

### शिवपुर चरचा से 9 श्रद्धालु हुए रवाना

**चरचा कॉलरी**। श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत नगर पालिका शिवपुर चरचा से चयनित 9 श्रद्धालुओं का दल बुधवार प्रातः 7 बजे कलेक्टर कार्यालय परिसर से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। यह दल अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन द्वारा श्रीरामलला के दर्शन के लिए पावन अयोध्या भूमि की यात्रा करेगा। राज्य शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य प्रदेश के श्रद्धालुओं को निःशुल्क अयोध्या यात्रा का सौभाग्य प्रदान करना है। योजना के तहत श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के साथ ही आवास, भोजन, सुरक्षा और चिकित्सकीय सुविधा सहित पूर्ण यात्रा पैकेज उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका शिवपुर चरचा अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी।




### विद्यार्थी सहित राहगीरों को हो रही परेशानी

# एनएच 43 पर पानी जमाव से बढ़ी दुर्घटना की आशंका, पैदल चलना भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

एनएच 43 बतौली शांतिपारा मुख्य मार्ग पर पानी का जमाव होने से वाहन चालक समेत राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। आलम यह है कि बारिश होते ही पानी नाली के बजाए सड़क पर ही एकत्र हो जाती है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसा नहीं है कि पानी निकासी के लिए सड़क किनारे नाली का निर्माण नहीं किया गया है परंतु नाली में कचरा से अटे होने के कारण पानी सड़क पर ही जमा हो जाती है।

**खास बात**

- कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

अंबिकापुर से पत्थलगांव तक करोड़ों की लागत से एनएच 43 पर सड़क सहित नाली का निर्माण किया गया है। शांति पारा एनएच 43 के किनारे बनी नालियों के जाम होने से बारिश होते ही पानी सड़क पर ही एकत्र हो जाती है जबकि बड़ी संख्या में भारी वाहन समेत चार व दोपहिया वाहन आवागमन करती है। सड़क पर पानी होने से बाइक, स्कूटी सवार के गिरने तथा दुर्घटना ग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। पानी का जमाव से मुख्य सड़क तालाब में तब्दील हो रहा है जहाँ तेज रफ्तार वाहन खासकर हाइवा, ट्रक के चलने से सड़क पर जमा पानी के छिटकने से स्कूल आने जाने वाले बच्चों के ड्रेस गंदे हो जाते है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग 43 बतौली क्षेत्र में सड़क किनारे निर्माण सामग्री का ढेर होने के कारण राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते है। एनएच 43 सड़क के बनने के बाद नाली की आज तक साफ-सफाई नहीं की गई। ऐसे में नाली में घास उग आने तथा कचरा से नालिया जाम हो गए है। ऐसे में नाली से पानी का निकासी नहीं होने से बारिश का पानी सड़क पर ही एकत्र हो जाती है जिससे लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

अम्बिकापुर से सीतापुर तक के सड़क किनारे स्थित नाली भरे कचरा व मलवा आसानी से देखे जा सकते है। करोड़ो सड़क तो बन गई है लेकिन एनएच विभाग द्वारा साइड शोल्डर की सफाई नहीं होने से नाली बंद पड़े है। जिसका खामियाजा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



बारिश के दौरान एनएच पर जमा पानी।

#### हो चुकी है कई मौत

एनएच में पिछले कुछ दिनों के भीतर ही कई सड़क दुर्घटना हो चुकी है और आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। ऐसे में एनएच पर तेज रफ्तार वाहनों के आवागमन करने तथा सड़क पर पानी जमा होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की कई तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

#### बड़ी संख्या में लोगों का होता है आना जाना

एनएच 43 शांतिपारा में एनएच किनारे कई स्कूल है जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी पैदल ही आना जाना करते है। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व तहसील कार्यालय होने से हर रोज बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में बारिश हुई तो सड़क पर जमा पानी होने से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

#### एनएच अधिकारी को करेंगे निर्देशित

एनएच सड़क पर पानी जमा होने है तथा पानी निकासी नहीं हो रहे है पर इस संबंध में एनएच अधिकारियों को जांच करने के लिए कहा जाएगा।

-नीरज कौशिक
एसडीएम सीतापुर

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय सब-जूनियर कॉर्फबॉल चैंपियनशिप छग की टीम बनी उपविजेता

**अंबिकापुर।** चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैम्पियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने अपना परचम लहराया है। छग की टीम ने प्रतियोगिता में उप विजेता का खिताब हासिल किया है। बता दें कि तमिलनाडु के चेन्नई में 21 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय कॉर्फबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन 24 से 27 जुलाई तक किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने भी हिस्सा लिया। छग की टीम में सरगुजा की ओर से चयनित खिलाड़ियों सब-जूनियर टीम में रुद्राक्षी जैन, संजना मिंज, रीत्विक राज गुप्ता, आयुष बारी ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि चेन्नई में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़ और हरियाणा के बीच खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ टीम उपविजेता रही। विजेता खिलाड़ियों को एमआईसी मेंबर प्रियंका गुप्ता, विकास गुप्ता, गौरव सिंह, सौरभ सिंह, केपी सिंह, निशांत सिंह, रजत सिंह खुशबू गुप्ता व सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ परिवार ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### कलेक्टर और एसएसपी ने ली कानून व्यवस्था को लेकर बैठक



**सूरजपुर।** जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आज सभाकक्ष में कलेक्टर एस जयवर्धन एवं एसएसपी प्रशांत ठाकुर की अध्यक्षता में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टर एस जयवर्धन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतें तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति की आशंका होने पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, भीड़ नियंत्रण और मार्गों पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने कहा कि शांति और सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में सक्रिय निगरानी रखें और किसी भी संभावित विवाद या कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखें। सड़क सुरक्षा पर भी चर्चा करते हुए अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी प्रकार के आंदोलन या प्रदर्शन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर कलेक्टर, एसडीओपी, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बस्तामुक्त विद्यालय में अग्रवाल महिला मंडल की सदस्यों ने बच्चों को किया छाता वितरण



**बिश्रामपुर/रामनगर।** बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में अग्रवाल महिला मंडल सूरजपुर की अध्यक्ष आशा अग्रवाल एवं सचिव प्रिया अग्रवाल के नेतृत्व में समिति सदस्यों द्वारा विद्यालय में अध्यनरत 73 छात्र-छात्राओं को छाता वितरित किया गया।संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया कि इस समय जिले में तेज बारिश होने के कारण बच्चों को विद्यालय आने में काफी परेशानी हो रही है।बच्चों के पास छाता न होने से वे विद्यालय नहीं आते रहे थे या फिर भीग कर आना उनकी मजबूरी बन रही थी,ऐसे में बच्चे बीमार भी पड़ रहे थे।इन सब परेशानियों को देखकर संस्था प्रमुख द्वारा अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्षा से सभी बच्चों के लिए छाता की मांग रखी गई, जिस पर संस्था द्वारा विद्यार्थियों को शीघ्र व्यवस्था कर छाता वितरण किया गया।इस दौरान समिति की आशा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, काजल अग्रवाल, शेफाली अग्रवाल तथा अनंत अग्रवाल के अलावा शिक्षक रिजवान अंसारी, एम. टोप्पो, पूनम गुप्ता, संस्था की प्रधानमंत्री निशु राजवाड़े, रूपा सिंह, टिकेश्वरी राजवाड़े, घरभरन राजवाड़े व अन्य उपस्थित थे। यहां पर अग्रवाल महिला मंडल की सदस्यों द्वारा स्कूली बच्चों से पहाड़ा,कविता व गीत सुना गया,साथ ही सामान्य ज्ञान के प्रश्नों का सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को कॉपी-पेन, पेंसिल, कटर, स्लेट, स्केच पेन देकर प्रोत्साहित किया गया।

## सेंट्रल जीएसटी की टीम ने कारोबारी के घर व ऑफिस में किया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सेन्ट्रल जीएसटी के करीब दो दर्जन अधिकारी कर्मचारी की टीम,सोमवार को गुरुद्वारा गली निवासी विजय गोयल कालू के निवास व ऑफिस में एक साथ सर्वे के लिए पहुंची जिसमें दो महिला अधिकारी भी शामिल थे। सोमवार करीब 4 बजे शुरू किया गया सर्वे रात करीब साढ़े 12 बारह बजे तक चला जिसके बाद संदिग्ध दिख रही कई फाइलों को जीएसटी टीम जांच मिलान के लिए अपने साथ मुख्यालय ले गई है। गौरतलब है कि मेन मार्केट में विजय गोयल का गोयल ट्रेडर्स नामक कार्यालय है जिसमें भी जीएसटी टीम के अधिकारी देर रात तक दस्तावेज खंगालते रहे, प्राप्त जानकारी अनुसार टीम के सदस्यों ने अपने साथ फोटो कॉपी प्रिंटिंग मशीन भी रखी हुई थी, सर्वे पश्चात जीएसटी फाईलिंग में कितना अंतर टीम द्वारा निकाला गया है इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

- देर रात तक चले सर्वे पश्चात कई फाइलों को जांच मिलान के लिए अपने साथ ले गये अधिकारी

## महिला कांग्रेस ने उत्साह के साथ मनाया सावन उत्सव, नुजहत फातिमा बनी सावन सुंदरीं

**अम्बिकापुर।** महिला कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सावन उत्सव उत्साह से मनाया। पूर्व पार्षद नुजहत फातिमा नीलू सावन सुंदरी बनीं। महिलाओं के बीच विभिन्न खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन की संयोजक महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा सोनी थीं। कार्यक्रम वाटर पार्क में आयोजित किया गया जहां महिलाओं के बीच सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़, नृत्य, गायन और कविता की प्रतियोगिता रखी गई। कुर्सी दौड़ में प्रतिमा सोनी, उर्मिला कुशवाहा सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में नुजहत फातिमा प्रथम स्थान पर रहीं। नृत्य में मंजू मुखर्जी, सपना सिन्हा, प्रीति सिंह सहित अन्य महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सावन महोत्सव में महिलाओं के लिए ड्रेस कोड निर्धारित था। बेहतर ड्रेस कोडिंग और साज-सज्जा के लिए प्रीति सिंह और उर्मिला कुशवाहा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद गीता प्रजापति, शमा परवीन, सन्ध्या रवानी,सावित्री सारथी,गीता रजक,शालिनी नन्द, अनुराधा दास, रजनी महंत, चित्रा मिश्रा, रश्मि सोनी, किरण सोनी, हीरो बड़ा पूनम सोनी, रेहाना, संजू साहू, विभा दुबे, रीता प्रजापति, ममता सिंह, शकीला सिद्दीकी, अंजू,संगीता मिंज, साधना कश्यप, मोमिना खातून, अनीता सिन्हा ने भाग लिया।



## नशे से दूरी जरूरी अभियान के तहत पुलिस व छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




**सूरजपुर।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत पुलिस व छात्रों द्वारा जनजागरूकता रैली निकाली। जिलेभर के थाना-चौकी क्षेत्र में आयोजित नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली में 30 हजार से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले भर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके बैनर तले सभी वर्ग के लोगों एवं छात्रों को नशे की बुराई से अवगत कराते हुए नशा से दूर रहने और नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु लगातार जन जागरूकता के आयोजनों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार जिले के सभी थाना-चौकी की पुलिस द्वारा स्कूली छात्रों के संग नशा मुक्ति जनजागरूकता रैली निकाली गई जिसमें 30 हजार से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया और हाथ में तख्ती लेकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। पुलिस के इस कार्यक्रम की शुरुआत नशा-मुक्ति शपथ के साथ हुई जिसमे सभी ने मिलकर एक स्वर में न केवल समुदाय, परिवार, मित्र बल्कि स्वयं को भी नशा-मुक्त कराने की शपथ ली। नशा मुक्ति के निकाले गए जन जागरूकता रैली में छात्रों की बड़ी संख्या में भागीदारी एवं नशा से दूर रहने छात्रों की हुंकार जिलेभर में गुंज उठी। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि जिलेभर की पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता रैली छात्रों के साथ मिलकर निकाली गई जिसका उद्देश्य लोगों को नशा न करने, नशे से दूरी बनाने और नशे की लत में फंसे व्यक्ति को सही मार्गदर्शन और उपचार कराने हेतु प्रोत्साहित करने निकाली गई। उन्होंने कहा कि जिले को नशा मुक्त बनाने में सभी का सहयोग जरूरी है। अपने आसपास व समाज में किसी भी प्रकार की नशीली पदार्थ बेचने की शिकायत हो तो पुलिस कन्ट्रोल रूम में सूचना दे सकते है।

### नशा मुक्ति को लेकर सिलफिली विद्यालय में किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**मदनपुर।** शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली थाना जयनगर के तत्वाधान में विद्यालय में नशा मुक्ति, यातायात सुरक्षा, साइबर अपराध हेतु जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। थाना जयनगर के संजय सिंह राजपूत, मनोज द्विवेदी द्वारा नशा मुक्ति, यातायात सुरक्षा, साइबर अपराध पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही बचने के उपाय के साथ समाज में जागरूकता फैलाने के लिए आगे आने को प्रोत्साहित किया गया। जागरूकता फैलाने हेतु पुलिस व विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान प्राचार्य आईडी खलखो, श्रीमती विनीता यादव, शैलेश कुमार सोनी, राकेश पटवा, सत्यम, संदीप केरकेट्टा, श्रीमती रंजीता मजूमदार, कुमारी आकांक्षा गुप्ता, प्रमोद कुमार गौर व अन्य शिक्षक सहित थाना के कर्मचारी उपस्थित रहें।



### छात्रों ने ली नशा से दूर रहने की शपथ, रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

**रामानुजनगर।** नशे के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए रामानुजनगर पुलिस द्वारा आत्मानंद स्कूल में एक प्रभावशाली नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में पुलिस अधिकारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र के विकास में भी गंभीर समस्या है। अभियान में आत्मानंद स्कूल के छात्रों ने छोटी-छोटी जागरूकता टोलियां बनाकर क्षेत्र में लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। साथ ही छात्रों ने घर-घर जाकर, नुक्कड़ों पर एवं अपने आसपास के लोगों को जागरूक किया और उनसे नशा न करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को एक सामूहिक शपथ दिलाई गई जिसमें उन्होंने जीवनभर नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने का संकल्प लिया।



## मंत्री राजवाड़े ने ओंकारेश्वर, महेश्वर और महाकाल के दर्शन किए, छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मध्यप्रदेश के दो दिवसीय प्रवास में रहीं। प्रवास के प्रथम दिन श्रीमती राजवाड़े ने खंडवा जिले में नर्मदा तट स्थित देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर महादेव के मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की।

- रानी अहिल्याबाई होलकर राजबाड़ा और अहिल्या महल का किया भ्रमण

उन्होंने प्रदेश की जनता के कल्याण, सुख-समृद्धि और सामाजिक सौहार्द की कामना करते हुए नर्मदा पूजन किया। इसके पश्चात जिला-खरगौन के प्रसिद्ध महेश्वर मंदिर पहुंचीं, जो देवी अहिल्याबाई होल्कर की धार्मिक आस्था और वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध है। यहां उन्होंने महेश्वर घाट और मंदिर परिसर का भी दर्शन किया। प्रवास के दूसरे दिन मंत्री श्रीमती राजवाड़े उज्जैन पहुंचीं जहां महाकालेश्वर मंदिर में प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल हुई। उन्होंने शिव आराधना कर छत्तीसगढ़ की जनता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। उज्जैन में कालभैरव मंदिर के दर्शन कर उन्होंने छत्तीसगढ़ की सुरक्षा और समृद्धि की प्रार्थना की। धार्मिक स्थलों के दर्शन के बाद मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इंदौर के ऐतिहासिक देवी अहिल्याबाई होल्कर महल राजबाड़ा का भ्रमण किया। उन्होंने मराठा कालीन स्थापत्य कला, अहिल्याबाई की जीवन गाथा एवं प्रशासनिक कुशलता से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई जैसी महिलाओं से प्रेरणा लेकर आज की महिलाएं भी समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इस धरोहर को महिलाओं की सामाजिक-राजनीतिक सशक्तिकरण की ऐतिहासिक मिसाल बताया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इंदौर प्रवास के दौरान दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित रोजगार मूलक स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास, हुनर और जिजीविषा की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।





## रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन ने किया फुटबॉल किट का वितरण

**राजपुर।** रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ ने फुटबॉल टीम के 11-11 खिलाड़ियों को खेलकूद मॉर्निंग वॉक के लिए फुटबॉल कप ड्रेस किट वितरण किया। रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संस्थापक शोभा यादव ने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। प्रत्येक व्यक्ति को समय निकालकर खेलकूद में भाग लेना चाहिए। साथ ही खिलाड़ियों में अनुशासन और प्रतिस्पर्धा का भाव जगाता है। यही प्रतिस्पर्धा का भाव इंसान को भविष्य में स्वर्णिम ऊंचाई तक ले जाता है। खेल अनुशासन मानव जीवन को निखरता है। खेल से शरीर में रक्त संचार भी सुचारू रूप से होते रहता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को समय निकालकर खेलकूद में भाग लेना चाहिए। रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ एक ऐसी संस्था है जो समाज के कल्याण के लिए काम करता है।



### आबकारी टीम ने महिला के घर से बड़ी मात्रा में जब्त की शराब

# अंग्रेजी व महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला गई जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

ग्राम मोहली में लंबे समय से घर में अग्रेजी व महुआ शराब की बिक्री कर रही महिला को न सिर्फ आबकारी टीम ने पकड़ा बल्कि उसके पास से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी व महुआ शराब जब्त किया है। टीम ने महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी अनिल कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में क्षेत्र में गश्त कर रहे वृत प्रतापपुर प्रभारी प्रदीप वर्मा, आबकारी उप निरीक्षक की टीम को मुखबिर से सूचना मिली की मोहली थाना चांदनी निवासी राजकुमारी अपने घर में भारी मात्रा में अवैध शराब रखा है और बिक्री कर रही है। सूचना पर आबकारी टीम राजकुमारी के घर दबिश दी।



महिला ने घर से टीम ने 109 नग पाव अंग्रेजी शराब, 34 नग देशी मदिरा के केवल मध्यप्रदेश राज्य में विक्रय हेतु वैध मदिरा शराब बरामद किया किया। इसके अलावा घर से टीम ने 10 लीटर महुआ शराब जब्त किया। टीम ने महिला के घर से कुल 35.74 लीटर शराब जब्त किया। आरोपिया के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 34(2), 36, 59(क) के तहत अपराध दर्ज किया। टीम ने महिला को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई एवं विवेचना प्रदीप वर्मा आबकारी उप निरीक्षक द्वारा की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वीरेंद्र रात्रे, पारसनाथ गुप्ता, मेवालाल सोनवानी, आरक्षक कमलेश्वर राजवाडे, महिला नगर सैनिक बिंदु राजवाडे, नगर सैनिक राकेश कुशवाहा, होलसाय एवं प्रमोद साहू सक्रिय रहे।

### भाई की हत्या करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पाकजाम निवासी धनीराम कुजूर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 28 जुलाई की रात घर में पत्नी व छोटे बेटा संजय के साथ आग ताप रहे थे। इसी दौरान बड़ा पुत्र नईहर साय गांव की ओर आया और पास बैठ गया। साथ ही छोटे भाई से कहा कि धान रोपाई में ज्यादा खर्च नहीं कर रहे हो और अपने खाने पीने में पैसा खर्च कर रहे हो कहते हुए विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद के दौरान ही नईहर साय ने पिता धनीराम का गला दबाने लगा। जिसे देख छोटे भाई ने पास ही रखे लकड़ी से बड़े भाई के सिर पर प्राणघात हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

## आरपीएफ ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में मानव तस्करी के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान



**बिश्रामपुर।** रेलवे स्टेशन अंबिकापुर में बुधवार को आरपीएफ चेक पोस्ट अंबिकापुर प्रभारी निरीक्षक सुनीता मिंज के मार्गदर्शन में मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया।गौरतलब है कि रेलवे सुरक्षा बल चेक पोस्ट अंबिकापुर के उप निरीक्षक पीसी शर्मा व चाइल्डलाइन बचपन बचाओ आंदोलन के कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार और एनजीओ सदस्यों के संयुक्त तत्वावधान में मानव तस्करी के खिलाफ विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।यह अभियान आज बुधवार को शाम सवा पांच बजे से शुरू होकर आधा घंटा तक चला।अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन मास्टर दुर्गा प्रसाद, मुख्य स्टेशन प्रबंधक, सीटीआई और रेलवे स्टाफ की मौजूदगी में यात्रियों और बच्चों को पंपलेट वितरित कर स्टेशन परिसर में डेस्क लगाकर मानव तस्करी से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई।मौजूद लोगों को बताया गया कि किस प्रकार मानव तस्करी एक अदृश्य अपराध है,जो अक्सर बच्चों और महिलाओं को निशाना बनाता है,इसमें संदेह होने पर किस तरह तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है,कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थल पर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है,साथ ही यात्रियों को सतर्क करना कि यदि कोई बच्चा डरा-सहमा या संदिग्ध स्थिति में दिखे तो तत्काल आरपीएफ या चाइल्डलाइन को सूचित करें।



# जेआरडी टाटा का रोल करेंगे नसीर, जारी हुआ लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड के उम्दा एक्टर नसीरुद्दीन शाह अपकमिंग सीरीज 'मेड इन इंडिया - ए टाइटन स्टोरी' में जेआरडी टाटा का रोल करेंगे। हाल ही में नसीर के लुक ने सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। यूजर्स को भी जेआरडी टाटा के लुक में नसीरुद्दीन शाह अच्छे लगे। नसीरुद्दीन शाह के नए लुक को लेकर यूजर्स ने अलग-अलग तरह के रिएक्शन दिए हैं। भारत रत्न से सम्मानित जेआरडी टाटा की 121वीं जयंती पर मंगलवार को सीरीज 'मेड इन इंडिया - ए टाइटन स्टोरी' से जुड़े कुछ फोटोज शेयर किए गए। इसमें नसीरुद्दीन शाह जेआरडी टाटा के गेटअप, लुक में नजर आ रहे हैं।

## लाइफ Style

# तनीषा

## नए लोगों को प्यार दें और उनकी तारीफ करें

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'सैयारा' के निर्माताओं पर यह इल्जाम लग रहे हैं कि वह लोगों को नकली प्रदर्शन करने के लिए उन्हें पैसे दे रहे हैं। इस पर तनीषा मुखर्जी ने प्रतिक्रिया दी है। 18 जुलाई को रिलीज हुई मोहित सूरी की फिल्म सैयारा साल कबड़ी हिट फिल्मों में से एक साबित हुई है।

नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत इस फिल्म की कहानी ने युवा दर्शकों को आकर्षित किया है। सिनेमाघरों में लोगों की प्रतिक्रियाओं के भावुक वीडियो वायरल हो रहे हैं। जहां कई लोगों ने फिल्म की तारीफ की है, वहीं कुछ लोगों ने इस पर संदेह भी जताया है, जिसके बाद अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल यूट्यूब पर एक चैनल 'द बार्बर शॉप विद शांतनु' में दावा किया गया कि सिनेमाघरों में भावनात्मक चीजें नकली और बनावटी होते हैं। वक्ता ने आरोप लगाया कि फिल्म देख कर सिनेमाघरों में लोग जो प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं वह झूठी हैं। उन्होंने कहा 'इस बेतुकी सैयारा फिल्म के साथ क्या हो रहा है? मेरे विचार से, इस फिल्म के निर्माता ने कई युवाओं को सिनेमाघरों में जाकर रोने का भावनात्मक प्रदर्शन करने के लिए 500 रुपए दिए हैं। इस तरह फिल्म का प्रचार हो रहा है। तनीषा मुखर्जी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे नकारात्मक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा 'पूरी तरह से असहमत। समय बदल रहा है और ये लोग अतीत में ही उलझे हुए हैं। नए लोगों को प्यार दें और उनकी तारीफ करें। यह आदमी बकवास कर रहा है।




## हॉलीवुड मसाला



# ट्रूडो को डेट कर रहीं कैटी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉप सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इन दिनों सुर्खियों में हैं और इसकी वजह है दोनों की साथ में डिनर डेट। मॉन्ट्रियल में दोनों को एक हाई-एंड रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर करते और बाद में पार्क में टहलते देखा गया, जिससे सोशल मीडिया और इंटरनेशनल मीडिया में उनके बीच डेटिंग को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' के लिए कनाडा में हैं और इसी दौरान वो मॉन्ट्रियल पहुंचीं।



# इंटरस्टेलर के लिए क्रिस्टोफर नोलन नहीं थे पहली पसंद

**लॉस एंजिल्स।** आपको ओपेनहाइमर, इंसेप्शन, इंटरस्टेलर और बैटमैन जैसी हॉलीवुड फिल्में तो याद ही होंगी। इन फिल्मों की गिनती हॉलीवुड की कुछ एक चुनिंदा फिल्मों में होती है। इन सभी फिल्मों को बनाया है हॉलीवुड के दिग्गज निर्देश, निर्माता और स्क्रीनराइटर क्रिस्टोफर नोलन ने। क्रिस्टोफर नोलन की सुपरहिट फिल्म इंटरस्टेलर के लिए क्रिस्टोफर पहली पसंद नहीं थे। बल्कि स्टीवन स्पीलबर्ग को 2006 में इस फिल्म का निर्देशन सौंपा गया था। जबकि स्क्रिप्ट राइटिंग का काम जोनाथन नोलन को मिला था। लेकिन 2012 में स्पीलबर्ग फिल्म से अलग हो गए। इसके बाद जोनाथन नोलन ने अपने भाई क्रिस्टोफर नोलन को इस फिल्म के बारे में बताया और इस तरह से क्रिस्टोफर 'इंटरस्टेलर' से जुड़े और ये एक शानदार फिल्म बनकर तैयार हुई।



# परम सुंदरी का गाना परदेसिया रिलीज

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की अपकमिंग फिल्म परम सुंदरी का पहला गाना परदेसिया रिलीज हो गया है। यह एक लव सॉन्ग है, जो लोगों को खूब पसंद आ रहा है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की केमिस्ट्री जबरदस्त लग रही है। दोनों के रोमांस ने परम सुंदरी फिल्म के लिए लोगों की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है। परदेसिया गाने को सोनू निगम और कृष्णकली साहा की अपनी मधुर आवाज से सजाया है, जिससे इंटरनेट पर हलचल मच गई है। इस गाने को सचिन-जिगर की जोड़ी ने कंपोज किया है और लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे है। फिल्म दुनियाभर के सिनेमाघरों में 29 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसमें फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया गया है।



# नई फिल्म के लिए फरहान से मिलाया हाथ

**मुंबई।** सनी देओल ने हाल ही में गदर 2 और जाट जैसी बेहतरीन फिल्मों में कम किया है। इन फिल्मों की कामयाबी के बाद वह काफी मशहूर हुए हैं। अब वह लगातार कई फिल्में साइन कर रहे हैं। फिलहाल सनी देओल के पास लाहौर 1947, रामायण और बॉर्डर 2 जैसी बड़ी फिल्में हैं। खबर है कि सनी देओल ने फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक नई फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रोजेक्ट एक एक्शन थ्रिलर है। सनी देओल पहली बार एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ काम करने जा रहे हैं। बताया जाता है कि दोनों के बीच कुछ वक्त से बातचीत चल रही है। वे एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म पर साथ काम करने के लिए तैयार हैं। सनी देओल को स्क्रिप्ट पसंद आई है।

## टीवी मसाला



# 25 साल बाद तुलसी को देख भावुक हुए दर्शक

**नई दिल्ली।** टीवी के सामने सबकी आंखों में एक अलग सी चमक थी, ना कोई फोन, ना कोई डिस्ट्रैक्शन, सिर्फ क्योंकि सास भी कभी बहू थी, इसका जादू सच में रियल है। यह सीरियल वापस आ गया है। कुछ ऐसे ही रिव्यू एक्स (ट्विटर) पर यूजर्स ने सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को देखकर दिए हैं। कई यूजर्स इस सीरियल के नए सीजन को देखकर काफी खुश हैं, साथ ही इमोशनल भी हो रहे हैं। कुछ यूजर्स ने सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'का पहला एपिसोड देखते हुए फोटो, वीडियो शेयर किए हैं। एक यूजर ने सीरियल देखते हुए अपने परिवार की तस्वीर साझा की और लिखा, इतने साल बाद भी स्मृति ईरानी तुलसी के रूप में आइकॉनिक हैं। एक अन्य यूजर ने भी सीरियल की स्टार कास्ट की तारीफ की। वह लिखता है, 'वाह, पुरानी यादें ताजा हो रही हैं। बचपन में मैं अपनी दादी और मां के साथ इस सीरियल को देखा करता था। करण (हितेन तेजवानी) और नंदनी (गौरी प्रधान) हमेशा से मेरे पसंदीदा रहे हैं। स्मृति ईरानी की स्क्रीन पर मौजूदगी अब भी जबरदस्त है। अमर उपाध्याय अब भी वैसे ही दिखते हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, यह शो आज भी आइकॉनिक है। कुछ यूजर्स ने इमोशनल तो कुछ यूजर्स ने मजेदार कमेंट भी सीरियल के कमबैक पर लिख हैं। एक यूजर लिखता है, डेली सोप (सीरियल) की जीत हुई। आज मैंने घर में एंट्री ली तो मेरी मां और पत्नी साथ बैठकर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के नए सीजन को देख रही थीं, सच में जिंदगी एक फुल सर्कल है। एक अन्य यूजर ने लिखा, आज घर की शांति तब टूटी जब बैकग्राउंड म्यूजिक बजा- 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी''। सच में पुरानी यादें ताजा हो गईं।

## जीवन में कई कठिन मोड़ का किया सामना

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुदेश लहरी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी पर्सनल लाइफ से लेकर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के बारे में कई खुलासे किए। उनहोंने बताया कि कैसे वह गरीबी में बड़े हुए हैं। एक समय ऐसा भी था जब उनके पास स्कूल जाने के लिए पैसे नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि वह पढ़े-लिखे नहीं हैं और साइनबोर्ड भी नहीं पढ़ सकते। फिर भी, वह पैसे खर्च करने और जीवन का आनंद लेने में विश्वास रखते थे। अपनी शादी को लेकर सुदेश ने बताया, 17 साल की उम्र में मेरी शादी हुई। मेरी पत्नी 15 साल की थी। हम समझ नहीं पा रहे थे कि क्या कर रहे हैं। बच्चों के जन्म के बाद भी हमें कुछ समझ नहीं आता था। हमारे पास पैसे नहीं थे। अस्पताल का खर्च भी नहीं उठा सकते थे। अपनी पढ़ाई को लेकर सुदेश ने बताया, मैं अनपढ़ हूं। मैंने कभी स्कूल नहीं देखा। पैसे कमाने के लिए मैं दुकानों पर काम करता था, मैकेनिक का काम करता था।



# इस फिल्म ने 60 लाख रुपए के बजट में कमाए 8 करोड़ ...

नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई कम बजट फिल्में रही हैं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं, कुछ फिल्में ऐसी भी हैं, जो बजट में ज्यादा होने के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन नहीं कर पाईं। इन फिल्मों की तो बड़ी स्टार कास्ट भी इन्हें फ्लॉप होने से नहीं बचा पाई। जबकि कुछ फिल्मों ने बेहद ही कम बजट के साथ बॉक्स ऑफिस पर हिट का टैग लेकर एक बेंच मार्क सेट कर दिया। आज ऐसी ही एक फिल्म के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। यह फिल्म साल 2007 में आई थी, जिसने सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया था। यह फिल्म थी भेजा फ्राइ, जिसमें विनय पाठक नजर आए थे।

### विनय पाठक आए थे नजर

विनय पाठक अपनी शानदार एक्टिंग और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। फिल्म में उनके अलावा अदिति गोवित्रिकर, सुरेश मेनन, सारिका, रणवीर शौरी, मिलिंद सोमन, रजत कपूर, मिनिषा लांबा जैसी स्टार कास्ट को भी देखा गया था। फिल्म में विनय पाठक की कॉमेडी ने लोगों को खूब हंसाया था। यह फिल्म साल 1998 में आई डिनर द कान्स, ली फ्रेंच फिल्म का हिंदी रीमेक थी।



### वर्ल्डवाइड कलेक्शन 18 करोड़

आपको जानकर हैरानी होगी कि भेजा फ्राई का कुल बजट केवल 60 लाख रुपए था, जबकि रिलीज के बाद इसने बॉक्स ऑफिस पर 8 करोड़ रुपए का तूफानी कलेक्शन किया था। वर्ल्डवाइड फिल्म का कलेक्शन 18 करोड़ रुपए रहा था। यह फिल्म इस कदर पसंद की गई थी कि साल 2011 में इसका सीक्वल बना, जिसमें विनय पाठक के साथ केके मेनन नजर आए। भेजा फ्राई 2 भी लोगों को गुदगुदाने में कामयाब रही थी।

# रिलीज से पहले ही मुश्किल में सन ऑफ सरदार-2

नई दिल्ली। सैयारा और महावतार नरसिम्हा जैसी लगातार सक्सेस के साथ बॉक्स ऑफिस अपनी पूरी चमक बिखेर रहा है। लेकिन, इन दोनों फिल्मों की कामयाबी के साथ ही देशभर में इन्हें दिखाने को लेकर भी होड़ मच गई है। अजय देवगन अपनी फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' के साथ फिर से पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। लेकिन, डिस्ट्रिब्यूटर्स पीवीआरइनॉक्स को नॉन नेशनल चेन्स और सिंगल स्क्रीन्स में जरूरी शो पाने में मुश्किल हो रही है। एक ट्रेड सोर्स ने बताया, 'सैयारा बॉक्स ऑफिस पर दमदार प्रदर्शन कर रही है और प्रदर्शक तीसरे हफ्ते में भी इस रोमांटिक कहानी को हाथ से जाने नहीं देना चाहते। महावतार नरसिम्हा भी अपनी स्पीड पकड़ रही है और दर्शकों की मांग के साथ फिल्म की कलेक्शन में भी तेजी आ रही है। अजय देवगन की एक फ्रैंचाइजी की कॉमेडी फिल्म होने के चलते पीवीआरइनॉक्स कुल शो का 60 पर्सेंट मांग रहा है, हालांकि थियेटर मालिक अपनी प्रॉपर्टीज पर 35 पर्सेंट से ज्यादा शो आवंटित करने को तैयार नहीं हैं। जहां कुछ सिंगल स्क्रीन हर दिन दो शो पर राजी हो गए हैं, वहीं नॉन नेशनल चेन्स सन ऑफ सरदार 2 को 35 पर्सेंट से ज्यादा शो देने को तैयार नहीं हैं। इससे पीवीआरइनॉक्स नाराज है और ज्यादा शो हासिल करने के लिए संघर्ष जारी है। दिलचस्प बात यह है कि फिलहाल माहौल को देखते हुए नॉन नेशनल चेन और सिंगल स्क्रीन में सायरा और महावतार नरसिम्हा दोनों को तरजीह दे रही है। धड़क 2 की टीम पहले दिन लगभग 1000 स्क्रीन्स पर अपनी रिलीज को लेकर काफी मजबूती से अड़ी है। वे बड़ी रिलीज की उम्मीद नहीं कर रहे हैं, बल्कि 1000 स्क्रीन्स पर स्ट्रैटेजिक रिलीज से खुश हैं।




## महावतार नरसिम्हा से रामायण तक: सिनेमा में माइथोलॉजी की वापसी

# भारतीय पौराणिक कहानियों पर आधारित हैं ये पांच फिल्में

***नई दिल्ली।*** *बहुत से लोग बचपन से ही पौराणिक कहानियां और लोक कथाएं पढ़ते और टीवी पर देखते आए हैं। अब इन कहानियों को बड़े पर्दे पर ऐसे अंदाज में पेश किया जा रहा है, जो भव्यता और नई कहानी कहने के अंदाज का मेल है। जिन किरदारों को हमने कई साल तक पसंद किया, वे अब नए रूप में लौट रहे हैं, नए जमाने के दर्शकों से जुड़ने के लिए. 'कल्कि 2898' एडी जैसी फिल्मों के बाद अब सिनेमा में पौराणिक कहानियों की वापसी का दौर शुरू हो चुका है। रामायणम, महावतार नरसिम्हा और कई अन्य बड़ी फिल्मों के साथ भारतीय पौराणिक कथाएं एक बार फिर सिनेमा की मुख्यधारा में अपनी जगह बनाने को तैयार हैं*

**रामायणम** : कई साल से हमने रामायण की कई कहानियां देखी हैं, लेकिन नितेश तिवारी की आने वाली रामायणम अब तक की सबसे भव्य होने वाली है। इसमें राम के रूप में रणबीर कपूर, सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में बॉबी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे नजर आएंगे. दो भागों में बनने वाली ये फिल्म आईमैक्स पर पूरी दुनिया में रिलीज होगी, पहला भाग दिवाली 2026 में, और दूसरा दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देगा।

**महावतार नरसिम्हा** : 'महावतार नरसिम्हा' महावतार सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली फिल्म है, एक नई शुरुआत करने वाली 7 फिल्मों की एनिमेटेड सीरीज, जिसमें भगवान विष्णु के दस अवतारों की कहानी दिखाई जाएगी। इस फिल्म को क्लीम प्रोडक्शंस ने बनाया है और इसे होम्बले फिल्म्स पेश कर रही है। कहानी भगवान विष्णु के चौथे अवतार नरसिम्हा पर आधारित है, आधे सिंह और आधे मानव वाले उस रूप पर, जो अपने भक्त की रक्षा के लिए बुराई का अंत करते हैं। 25 जुलाई को यह फिल्म 3डी में और पांच भाषाओं में रिलीज हो गई है, जिससे भारत की अब तक की सबसे बड़ी माइथोलॉजिकल फ्रेंचाइज लॉन्च हुई।



**कंतारा: चैप्टर 1** : कंतारा: चैप्टर 1 एक ऐसी कहानी है, जिसका इंतजार लोग कर रहे हैं। यह फिल्म कंतारा से पहले की कहानी बताएगी। इसमें दिखाया जाएगा कि इंसान, प्रकृति और भगवान के बीच खास रिश्ता कैसे शुरू हुआ। यह कहानी पुराने समय की है और इसमें लोककथा और आस्था की झलक मिलेगी। ऋषभ शेट्टी इसे अपने अंदाज में 2 अक्टूबर को लेकर आ रहे हैं।

***जय हनुमान*** *: जय हनुमान एक बड़ी धार्मिक कहानी पर बनी फिल्म है, जिसमें ऋषभ शेट्टी भगवान हनुमान का रोल निभा रहे हैं। इसे हनुमान फिल्म बनाने वाले डायरेक्टर प्रशांत वर्मा ने बनाया है। फिल्म को भूषण कुमार और मैथरी मूवी मेकर्स ने मिलकर बनाया है। इसके जरिए भारत का अपना सुपरहीरो यूनिवर्स शुरू करने की तैयारी है। इसमें भगवान की कहानियों को नए तरीके से दिखाया जाएगा, जिससे यह फिल्म भारतीय संस्कृति और दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आएगी।*

***महाभारत*** *: आमिर खान ने हाल ही में बताया कि वह महाभारत'को प्रोड्यूस करने जा रहे हैं। उन्होंने वादा किया है कि यह फिल्म कुछ ऐसा लेकर आएगी जो आज तक किसी ने नहीं देखा होगा। फिलहाल फिल्म से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।*

## खबर संक्षेप

### बरसात में बीमारियों का खतरा बढ़ा, ज्ञापन सौंपा

**बिजुरी।** नगर में लगातार हो रही बारिश के चलते मच्छरों एवं अन्य कीटों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि देखी जा रही है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है, इसे लेकर नगर के जागरूक नागरिकों ने चिंता जाहिर करते हुए नगर पालिका परिषद बिजुरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक आवेदन सौंपा है। प्रेषित आवेदन में नागरिकों ने मांग की है कि बिजुरी नगर के समस्त वार्डों में कीटनाशक दवाइयों का व्यापक स्तर पर छिड़काव कराया जाए, ताकि मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण पाया जा सके। साथ ही उन्होंने अपील किया है कि नगर क्षेत्र में फॉगिंग मशीन का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए, जिससे मच्छर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सके। नागरिकों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से आग्रह किया है कि इस जनहित के कार्य को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द कीटनाशक छिड़काव एवं फॉगिंग की व्यवस्था शुरू की जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके और बीमारी फैलने की आशंका को टाला जा सके।

### टीएल बैठक में विकास कार्यों की हुई समीक्षा

**मनेन्द्रगढ़।** साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में सभी विभाग प्रमुखों, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, तहसीलदारों तथा नगर निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बीते सप्ताह दिए गए निर्देशों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई एवं आगामी सप्ताह की प्राथमिकता वाले कार्यों और योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को विकास कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने पर बल दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों के पुराने और नए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पीएमजीएसवाई, सीएम जनदर्शन एवं पीएम पोर्टल्स में दर्ज शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की गई एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप प्रत्येक कार्यालय में ई-ऑफिस कार्यों का क्रियान्वयन किया जाना है। उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारियों को अपना ई-ऑफिस आईडी बनाने तथा आईडी ई-ऑफिस के माध्यम से समस्त विभागीय पत्रों का संधारण करना अनिवार्य है, इसे सभी प्राथमिकता से सभी को कराने के निर्देश दिए।

### शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक

**लखनपुर/रजपुरीकला।** लखनपुर विकासखंड के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

## सड़क पर मवेशियों के विचरण के कारण वाहन चालकों को परेशानी

# सड़क पर मवेशियों के आवारा विचरण से हो रहीं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

सड़क से मवेशियों को हटाने की सारी कवायद फेल होती दिखाई देती है। नगर पालिका क्षेत्र बैकुण्ठपुर एवं शहर क्षेत्र से लगे ग्रामीण क्षेत्र से गुजरी मुख्य मार्ग पर आसानी से सुबह से लेकर शाम ढलने के बाद तक मवेशियों का विचरण प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र में देखा जा सकता है। सड़क पर मवेशियों के विचरण एवं विचरण के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है साथ ही सड़क पर मवेशियों के रहने के कारण उनके दुर्घटना होने की बराबर संभावना बनी रहती है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर क्षेत्र की प्रमुख मार्ग पर मवेशियों के जमावडे को हटाने के लिए टीम का गठन किया गया है, इनके द्वारा शहर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र के अलावा मुख्य मार्ग पर से मवेशियों को सुबह होने से लेकर शाम ढलने तक हटाने का कार्य किया जाता है, बावजूद समस्या पूरी तरह से दूर नहीं हो रही है। हालत यह है कि सुबह होने के साथ ही शहर के मुख्य मार्ग पर यहां-वहां मवेशियों के दल को सड़क पर खडे या बैठे आसानी से देखे जा सकते हैं, इससे आवागमन करने वाले वाहन चालकों को दुर्घटना होने की संभावना बनती है, इसके अलावा पशुओं के भी चोटिल होने की संभावना बनी रहती है।



सड़क पर विचरण करते मवेशी।

### छिन्दडॉड क्षेत्र में शाम के बाद सड़क पर मवेशी

खुले में विचरण करने वाले पशु सिर्फ शहरी क्षेत्र में ही लोगों की परेशानी नहीं बनी हुई है बल्कि शहर क्षेत्र से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य मार्ग में भी वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। जानकारी के अनुसार शाम ढलने के बाद शहर क्षेत्र से लगे ग्राम तलवापारा एवं छिंदडॉड के मुख्य मार्ग पर जगह-जगह मवेशी सड़क पर बैठे दिखाई देते हैं या फिर सड़क पर खडे दिखाई देते हैं, इससे सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती हैं, ऐसे में मवेशी भी चोटिल हो जाते है। बीते दिनो छिंदडॉड में ही सड़क पर बेठे कई मवेशियों को एक वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया था, इसके बावजूद मवेशियों को सड़क से हटाने की कोशिश नाकाम साबित हो रही हैं।

# खरीफ सीजन के लिए उर्वरक पर्याप्त



**मनेन्द्रगढ़।** जिले में खरीफ सीजन प्रारंभ होते ही कृषकों द्वारा खाद एवं बीज की मांग की जा रही है, जिसकी आपूर्ति के लिए जिले की सहकारी समितियों में खाद बीज का पर्याप्त भंडारण है।

जिले में यूरिया की उपलब्धता 3081.90 मिट्रिक टन, डीएपी की उपलब्धता 721.55 मिट्रिक टन, एनपीके की उपलब्धता 1459.20 मिट्रिक टन, एसएसपी की उपलब्धता 349.35 मिट्रिक टन, पोटाश की उपलब्धता 234.95 मिट्रिक टन है, जिसके विरूद्ध सहकारी समितियों में अब तक यूरिया का भंडारण 2094.56 मिट्रिक टन, डीएपी का भंडारण 616.55 मिट्रिक टन, एनपीके का भंडारण 1368.10 मिट्रिक टन, एसएसपी 325.35 मिट्रिक टन, पोटाश 156.85 मिट्रिक टन इस प्रकार समस्त उर्वरकों का भंडारण 4702.52 मिट्रिक टन हुआ है। अब तक जिले के कृषकों द्वारा यूरिया 2013. 56 मिट्रिक टन डीएपी 491.20 मिट्रिक टन, एनपीके 1312.25 मिट्रिक टन, एसएसपी 190.35 मिट्रिक टन एवं पोटाश 120.7525 मिट्रिक टन कुल 4128.11 मिट्रिक टन, उर्वरक का उठाव किया गया है। कृषक की मांग को ध्यान में रखते हुए सहकारी समितियों में नियमित रूप से उर्वरक का भंडारण किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले में डीएपी की कमी को पूरा करने के लिए नैनो डीएपी 804 लीटर का भंडारण किया गया है तथा अब तक 114 लीटर नैनो डीएपी का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। जिले की प्रमख सहकारी समितियों जैसे चैनपुर, बरबसपुर, केल्हारी, जनकपुर, खड़गवां एवं कोड़ा व विकासखंड की अन्य समितियों में उर्वरक की उपलब्धता बनी हुई है।

# सशिमं में मनाई गई तुलसीदास जयंती

**चरचा कॉलरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरचा कॉलरी में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती हर्षोल्लासपूर्ण मनाई गई। इस अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक बैकुंठपुर के शाखा प्रबंधक रामजी सोनी थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सेंट्रल बैंक लीड मैनेजर शशिभूषण पाठक, ग्रामीण बैंक रिजनल मैनेजर अमित कुमार एवं स्टेट बैंक चरचा के शाखा प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय अध्यक्ष समीर कुमार विश्वास, व्यवस्थापक हरिनारायण अग्रवाल, श्याम नारायण यादव, पत्रकार अंकित अग्रवाल, प्रकाश शर्मा, राजू शर्मा तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती,



भारत माता एवं गोस्वामी तुलसीदास जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से हुई। स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं पहली कक्षा की छात्रा शान्वी अग्रवाल ने हनुमान चालीसा का पाठ कर अतिथियों का मनमोहा। मुख्य अतिथि श्री सोनी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी केवल महान कवि नहीं बल्कि आदर्श भक्त भी थे, जिन्होंने श्रीराम चरितमानस के माध्यम से भारतीय संस्कृति को नई ऊंचाइयां दीं।

# श्री श्याम मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के मंदिर पारा स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को श्याम बाबा, अखंड ज्योति, सालासर बालाजी एवं दादी रानी सती के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रतिदिन की भाँति बुधवार को भी श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन लाभ के लिए मंदिर पहुंचे।

मंदिर में प्रातः काल आरती से लेकर शाम की संध्या आरती तक भजन-कीर्तन एवं अखंड ज्योति के समक्ष भक्तों ने बैठकर साधना की। मंदिर प्रांगण में दिव्य वातावरण और भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु श्याम बाबा की जय के जयकारों के साथ झूमते नजर आए। श्याम बाबा की अखंड ज्योति यहां निरंतर प्रज्जवलित रहती है, जो क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था, विश्वास और



आध्यात्म का एक सशक्त केन्द्र बन चुका है। सालासर बालाजी एवं दादी रानी सती के मंदिरों में भी दर्शनार्थियों की अच्छी खासी उपस्थिति देखने को मिली। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सावन मास के चलते मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

# पण्डोनगर में एक सप्ताह के भीतर दूसरी दुर्घटना गोदाम मोड़ के पास अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पण्डोनगर की जर्जर सड़कों के कारण एक सप्ताह के भीतर दूसरी बार सड़क दुर्घटना घटित हो गई है। बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे रायपुर से लकड़ी का सामान लोडकर पण्डोनगर एफसीआई गोदाम जा रहा ट्रक मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया।

ट्रक को रायपुर निवासी भूपेंद्र साहू चला रहा था,जो समय रहते कूद जाने से इस हादसे में बाल-बाल बच गया।घटना एन एच 43 से महज कुछ ही दूरी पर स्थित पण्डोनगर एफसीआई गोदाम के समीप घटी है,इसी स्थान पर कुछ दिन पूर्व एक चावल लोड ट्रक भी पलट गया था, जिससे भारी मात्रा में चावल पानी में भीग जाने से खराब हो गया था।स्थानीय लोग इस मोड़ को अब



दुर्घटनाओं का ब्लैक स्पॉट कहने लगे हैं।सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि भारी वाहन जैसे ही मोड़ पर गति कम करते हैं,असंतुलन का खतरा बढ़ जाता है, गड्ढों और असमतल सड़क के कारण यह मार्ग हादसों को निमंत्रण देता नजर आ रहा है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन सड़क के किनारे असंतुलित हुआ और पलट गया, लेकिन समय रहते चालक ने गाड़ी से कूदकर अपने आप को बचा लिया।क्षेत्रवासियों का कहना है कि पण्डोनगर में गोदाम की ओर जाने वाला यह मार्ग वर्षों से मरम्मत के लिए तरस रहा है,जनप्रतिनिधियों द्वारा इसकी मरम्मत व सुधार के लिए लगातार दिए जा रहे ज्ञापन और शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा उक्त मामले में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।




# ग्राम कुंजनगर स्थित पीडीएस भवन जर्जर सीपेज़ से खाद्यान्न को पहुंच रहा नुकसान

**बिश्रामपुर।** ग्राम कुंजनगर स्थित पीडीएस भवन की स्थिति इन दिनों काफ़ी जर्जर हालत में है। यहाँ पर भवन का पक्का निर्माण कार्य करीब 20–25 वर्ष पूर्व हूआ था, रख रखाव व मरम्मत के अभाव में यह भवन आज इतनी बुरी स्थिति में है कि वहां रखा सरकारी अनाज भी सुरक्षित नहीं रह गया है।

बारिश के दिनों में भवन की दीवारों और छत से बड़ी मात्रा में पानी की सीपेज हो रही है,जिससे अंदर रखे खाद्यान्न के खराब होने का निश्चित खतरा बना हुआ है। यहाँ पर कई बार खाद्यान्न की बोरियों में नमी पहुंचने की शिकायतें भी आ चुकी हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने इसकी सुध नहीं ली है।बता दें कि इस भवन की सुरक्षा व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है,मुख्य द्वार पर लगाया गया चैनल गेट लंबे समय से जर्जर पड़ा है,जिससे रात के समय भवन पूरी तरह असुरक्षित हो जाता है।पूर्व में कई बार शासकीय राशन की चोरी की घटनाएं यहां पर हो चुकी हैं, लेकिन न तो इस चैनल गेट की मरम्मत कराई गई और न ही कोई स्थायी निगरानी व्यवस्था की गई है।कुंजनगर गांव के ग्रामीण इस लचर व्यवस्था से बेहद आक्रोशित हैं।भवन के नवीनीकरण की मांग लंबे अरसे से की जा रही है लेकिन अभी तक केवल कोरे आश्वासन से काम चलाने विवश होना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन से मांग की है कि पीडीएस भवन की मरम्मत, सुरक्षा गेट की पुनर्स्थापना और सीसीटीवी कैमरे जैसी निगरानी व्यवस्था शीघ्र यहां कराई जानी चाहिए जिससे कि खाद्यान्न की गुणवत्ता सुरक्षित रखी जा सके।

# रामलला दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ शासन की रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत आज अम्बिकापुर संभाग से 850 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया। इस पावन यात्रा में जिले से 147 हितग्राही एवं 4 अनुरक्षक शामिल हुए हैं।

सूरजपुर जिले से श्रद्धालुओं को बस से अंबिकापुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया, जहां से उन्हें विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या रवाना किया गया। इस अवसर पर विधायक राजेश अग्रवाल, नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# हर हर महादेव और बोल बम के नारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र



**केदमा।** नागपंचमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी केदमा क्षेत्र के लोगों ने मतरिंगा रेंड नदी के उदगम से जल लेकर 25 किमी पैदल चलते हुए केदमा शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इस कावड़ यात्रा में केदमा, शायर, जीवलिया, बुले, कुमदेवा, केसमा, सितकालो, सहित 10 गांवों के लगभग 1 हजार श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धांलुओं के लिए शिव भक्तो ने जगह-जगह जलपान का व्यवस्था किया था। सेवको ने कवड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए बोल बम के नारे लगाए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, विनोद हर्ष, अशोक अग्रवाल, दयानन्द अग्रवाल,अरविंद अग्रवाल,राहुल अग्रवाल, मूलचंद अग्रवाल, बृजेश चतुर्वेदी, महेश्वर पैकरा, श्रीनाथ सिंह, संतोष माझवार, संजय नाग, मनीष बंसल, दिल बहल दास, कमलाकांत सिंह, संभु ठाकुर, राम लाल सिंह, दिनेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

### ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र यात्रा का हुआ स्वागत

**अम्बिकापुर।** ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र 2025 अंतर्गत सैनिक सम्मान यात्रा बुधवार को सर्किट हाउस पहुंची। सम्मान यात्रा का उद्देश्य भारतीय सेना के वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और भावनात्मक एकता का संदेश देना है। यात्रा के शहर आगमन पर भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने स्वागत किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष फूलेश्वरी सिंह के नेतृत्व में मोर्चा की सदस्यों ने अभियान से जुड़े पूर्व सैनिकों को राखियां बांधी और देश की रक्षा में योगदान के लिए कृतज्ञता प्रकट की।




**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया ( छ.ग. )**
**// ईश्तहार //**

ई-कोड क्र. .........../ / 2024-25

सर्व साधारण ग्राम खांडा राजस्व निरीक्षक बडगांव तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छत्तीसगढ़ तथा हितबद्ध पक्षकारो को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाशदीप साहू आ. अनिल कुमार साहू आयु 28 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम डबरीपारा थाना पटना व तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग. के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 109, 110 के तहत् आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के द्वारा विक्रेता के स्वामित्व कि भूमि ग्राम खांडा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. बडगांव खांडा का खसरा नंबर 1419/1 रकबा 0.1102 हे. को पंजीकृत विक्रय पत्र 01.01.2025 के आधार पर क्रय किया गया है। पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 02.01.2025 के आधार पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 11/08/2025 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**बैकुण्ठपुर जिला कोरिया**

## पृष्ठ 1 का शेष

### नीति आयोग से...

आकांक्षा हाट में दिखा स्थानीय उत्पादों का रंग-

कार्यक्रम में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए आकांक्षा हाट का उद्घाटन भी किया गया। विधायक, कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों ने रागी से बने केक का स्वाद लिया। यह आयोजन 31 जुलाई से 6 अगस्त तक कोरिया मिलेट्स कैफे परिसर में प्रतिदिन सुबह 11 से शाम 5 बजे तक चलेगा। इसमें स्थानीय स्व सहायता समूह व कारीगरों के उत्पाद जैसे सोन शहद, सुगंधित चावल, पोषक लड्डू, देसी अचार, पापड़, बड़ी आदि प्रदर्शित व विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन ने आम जनता से आह्वान किया है कि वे इस हाट में भाग लें, स्थानीय उत्पादों को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत अभियान को सशक्त बनाएं।

### दस्तावेजों में पुराने...

होने के कारण लोग बार-बार लौटने को मजबूर हैं। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वार्डों व पंचायतों में प्रशासनिक शिविर आयोजित कर दस्तावेजों के सुधार के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में श्री रेड्डी के साथ कांग्रेस नेता राजू सलीम, राणा दास, इशरार मोहम्मद, पार्षद इम्तियाज अहमद, सदाशिव बारिक व विश्वजीत दास गुप्ता शामिल रहे।

### ननों की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** मानव तस्करी के आरोप में दो ननों की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेसी सड़क पर उतर आये। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने रैली निकाली और पैदल मार्च करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मानव तस्करी के आरोप में दो ननों की गिरफ्तारी पर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि इससे भाजपा की विकृत मानसिकता का पता चलता है। जिस आरोप में दुर्ग रेलवे स्टेशन से दो ननों को गिरफ्तार किया गया है वो पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत है। गिरफ्तार होने वाली दो ननों में एक नर्स और एक फार्मासिस्ट है जो कभी ऐसा काम कर ही नही सकती है। ऐसा करके भाजपा की सरकार ने एक तरह से महिला, आदिवासी एवं अल्पसंख्यकों की बेइज्जती की है।जिसका कांग्रेस विरोध करती है और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए गिरफ्तार ननों की रिहाई की मांग करती है। अगर गिरफ्तार दोनों ननों की रिहाई नही की गई तो कांग्रेस इसके विरोध में उग्र प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर विधानसभा कांग्रेस प्रभारी लालचंद यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस विमलेश दत्त तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष तिलक बेहरा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमदान कुजूर, अशोक अग्रवाल, बदरुद्दीन इराकी, सहित अन्य मौजूद थे।

**हरिभूमि**
**पाठकों के लिए माह जुलाई 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जुलाई 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अगस्त 2025 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
**हरिभूमि**
**गौरव पथ रिंग रोड नं. 2**
**बिलासपुर**

